
SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
WORKSHEET NO 5

NAME:_________________ DATE: ___________
CLASS: 8 DIV :______ SUBJECT: HINDI
Prepared By: PRASHANT B. LESSON- व्याकरण 1 भाषा , लिपि और व्याकरण

---

भाषा - **अपने मन के भावों और विचारों को बोलकर, लिखकर या पढ़कर प्रकट करने के साधन को 'भाषा' कहते हैं।**

भाषा के दो रूप हैं-




भाषा के दो रूप होते हैं- मौखिक और लिखित

**मौखिक भाषा –** भाषा का वह रूप जिसमें एक व्यक्ति बोलकर विचार प्रकट करता है और दूसरा व्यक्ति सुनकर उसे समझता है, उसे मौखिक भाषा कहते हैं। उदाहरण– टेलीफ़ोन, दूरदर्शन, भाषण, वार्तालाप, नाटक, रेडियो आदि।

**लिखित भाषा –** भाषा का वह रूप जिसमें एक व्यक्ति अपने विचार या मन के भाव लिखकर प्रकट करता है और दूसरा व्यक्ति पढ़कर उसकी बात समझता है, लिखित भाषा कहलाती है। उदाहरण पत्र, लेख, समाचार-पत्र कहानी, जीवनी आदि।

**मातृभाषा-** वह भाषा जिसे बालक अपने परिवार में अपनाता व सीखता है, वह मातृभाषा कहलाती है।

**बोली –** भाषा का मौखिक रूप बोली कहलाता है। यह सीमित अथवा बहुत कम क्षेत्रों में बोली जाती है। इसमें साहित्य की रचना नहीं की जाती है। मैथिली, राजस्थानी, बुंदेलखंडी आदि कई बोलियाँ है जिनका प्रयोग भारत के विभिन्न भागों में किया जाता है।

**लिपि –** मुख से निकली ध्वनियों को लिखने की विधि या चिह्न को लिपि कहते हैं।

संसार की विभिन्न भाषाओं को लिखने के लिए अनेक लिपियाँ प्रचलित हैं। संस्कृत, हिंदी, मराठी, भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी है। **व्याकरण –** भाषा को शुद्ध रूप में लिखना, पढ़ना और बोलना सिखाने वाला शास्त्र व्याकरण कहलाता है।व्याकरण में भाषा के वर्ण, शब्द, पद तथा वाक्य पर विचार किया जाता है। इस आधार पर इसके चार अंग होते हैं।

1. वर्ण विचार 2 .शब्द विचार 3.पद विचार 4.वाक्य विचार

**1. वर्ण विचार –** भाषा की सबसे छोटी ध्वनि वर्ण कहलाती है।
**2. शब्द विचार –** वर्णो के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।
**3. पद विचार –** वाक्य में प्रयुक्त होने पर शब्द को ही पद कहते हैं; जैसे-नेहा दूध पीती है। गाय घास खाती है।
**4. वाक्य विचार –** एक ऐसा शब्द समूह जिसका अर्थ या भाव पूरा-पूरा समझ आ जाए, उसे वाक्य कहते हैं; जैसे-ओजस्व किताब पढ़ता है।

**प्रश्न 1 . रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

**क.  भाषा की सबसे छोटी इकाई ---------- कहलाती हैं।**

**ख . संविधान में ------------- भारत की राष्ट्र भाषा है ।**

**ड़ . पंजाबी की लिपि --------------- हैं।**

**झ. --------- सीमित क्षेत्र मे बोली जाती है ।**

**ञ.अंग्रेजी की लिपि --------- है।**

**प्रश्न 2 ) दिए  गई भाषाओं की लिपि छाँटकर लिखिए -**

**१) पंजाबी ( गुरुमुखी )**

**२) उर्दू ( फ़ारसी )**

**३) अंग्रेजी ( रोमन )**

**४) हिंदी ( देवनागरी )**

रोमन

गुरुमुखी

फ़ारसी

देवनागरी

**प्रश्न 3 ) दिए गए प्रश्न के उत्तर में □ का निशान लगाइए ।**

**१) पत्र लिखना भाषा का कौन - सा रूप है ?**

**मौखिक (  )  लिखित (  )**

**२) केरलवासी कौन -सी भाषा बोलते हैं ?**

**मराठी (  )  मलयालम (  )**

**३) हिंदी दिवस कब मनाया जाता है ?**

**१४ सितंबर ( )  १४ दिसंबर (  )**

**४) कहानी सुनाना भाषा का कौन - सा रूप है ?**

**मौखिक (  )  लिखित (  )**

**प्रश्न ४ ) व्याकरण किसे कहते है?**

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| SUB. TEACHER | HOD | COORDINETOR | PRINCIPAL |